Website:www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष - 22 अंक-140, जगदलपुर, शनिवार, 29 फरवरी 2020 पृष्ठ- 8, मूल्य-₹ 2.00 • जगदलपुर • रायपुर • बिलासपुर से प्रकाशित

सेल सेल सेल

देवांगन बैग हाऊस

शहर की सबसे सस्ती दुकान

हाता गार्डफ के सामने कपूर बेकरी के बगल में

जगदलपुर मो. 9424275800, 7566006605



फिल्म के हिट मैने गालियां देना सीखा-कंगना ...

ब्रेकिंग न्यूज

केंद्र मंत्रियों के साथ गृह मंत्री अमित शाह ने किये महाप्रभु के दर्शन

भुवनेश्वर, 29 फरवरी (एजेंसी)। दो दिवसीय ओडिशा दौरे पर आए गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार सुबह-सुबह श्रीक्षेत्र धाम पुरी पहुंचकर महाप्रभु श्रीजगन्नाथ जी की पूजा अर्चना करने के साथ महाप्रभु के दर्शन किये। गृहमंत्री के साथ तीन केंद्र मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, प्रताप षड़ंगी एवं प्रह्लाद सिंह पटेल ने भी महाप्रभु के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। इनके अलावा भाजपा के राज्य प्रभारी अरुण सिंह, भाजपा राज्य अध्यक्ष समीर महंती, राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने भी महाप्रभु के दर्शन किये। भाजपा के राज्य अध्यक्ष समीर महंती ने इस अवसर पर कहा कि गृहमंत्री अमित शाह जी ने सुबह-सुबह निर्जल ही महाप्रभु के दर्शन किये हैं। पर्यटन व संस्कृति मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि महाप्रभु सबकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। श्री मंदिर के चारों तरफ अभी भी सुंदरीकरण का कार्य चल रहा है। महाप्रभु के दर्शन करने के बाद अमित शाह पुनः भुवनेश्वर की तरफ रवाना हो गए हैं।

दसवीं,बारहवीं बोर्ड के परीक्षार्थियों को परीक्षा पूर्व महापौर ने दी अग्रिम शुभकामनाएं

जगदलपुर, (हाईवे चैनल)। नगर निगम की महापौर श्रीमती सफीरा साहू ने दसवीं एवं 12वीं के छात्र छात्राओं को परीक्षा पूर्व अग्रिम शुभकामनाएं संदेश दी है। आगामी 2 दिनों के बाद 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थियों की परीक्षा है जिससे पूर्व यह संदेश छात्रों का मनोबल बढ़ायेगा। महापौर श्रीमती सफीरा साहू ने कहा कि 10 वीं एवं 12 वीं का बोर्ड किसी के भी जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है और वहां की सफलता डुअसफलता लोगों के जीवन में कई प्रकार की उतार-चढ़ाव आती है। दसवीं पढ़ने वाले अपने आगामी पढ़ाई के लिए विषय का चयन करते हैं यही उनके जीवन की नींव का पत्थर साबित होती है तो 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद राज्य प्रशासनिक एवं भारतीय प्रशासनिक परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखते हैं। श्रीमती साहू ने फिर एक बार परीक्षार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए परीक्षा में लगन के साथ प्रश्नों के उत्तर देने की अपील की है साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की है।

जगतपुरी में दंगे को लेकर कांग्रेस की पूर्व पार्षद इशरत जहां गिरफ्तार

नई दिल्ली, 29 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर पूर्वी जिले में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान शाहदरा के जगतपुरी इलाके में दंगे को लेकर कांग्रेस की पूर्व पार्षद इशरत जहां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जगतपुरी में हुए दंगे का आरोप कांग्रेस नेता और पूर्व पार्षद इशरत जहां उर्फ पिंकी पर लगा है। पुलिस ने पहले उन्हें हिरासत में लिया था और बाद में केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद में कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पेशे से वकील इशरत ने कोर्ट में जमानत अर्जी भी लगाई, लेकिन खारिज हो गई। वहीं, शनिवार को ज्यादातर इलाकों शांति है, पुलिस लगातार यहां पर नजर बनाए हुए है।

अंकित शर्मा पर हमला करने वाले लगा रहे थे जय श्रीराम का नारा

नई दिल्ली, 29 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली हिंसा में अबतक 42 लोगों की मौत हो चुकी है। इस हिंसा में मारे गए 25 वर्षीय इंटेलिजेंस ब्यूरो यानी आईबी के कर्मचारी अंकित शर्मा की मौत को लेकर रोज़ नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अब उनके भाई अंकुर शर्मा ने खुलासा किया है कि जिन लोगों ने अंकित को मारा है वे 'जय श्रीराम' के नारे लगा रहे थे और उनके हाथों में तलवारें थीं। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक अंकित के भाई ने बताया कि वह घर लौट रहा था जब दंगाइयों के एक समूह ने पत्थर फेंकना शुरू कर दिया और उसे पास की गली में ले गए।

रिपोर्ट के मुताबिक अंकुर शर्मा ने एक टेलीफोन साक्षात्कार में कहा वे पत्थर, छड़, चाकू और तलवारों से लैस होकर आए थे। वे ज़ोर-ज़ोर से 'जय श्री राम' के नारे लगा रहे थे। कुछ ने हेलमेट भी पहना रखा था। अंकुर ने आगे बताया कि जो लोग अंकित की मदद करने के लिए सामने आए उनपर दंगाइयों ने पत्थर और ईंटें फेंकना शुरू कर दिये। अगले दिन अंकित का शव एक नाले में मिला था। वहीं अंकित शर्मा के परिजनों ने आम आदमी पार्टी नेता और पार्षद ताहिर हुसैन पर हत्या का आरोप लगाया है। ताहिर हुसैन के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हो गई है। फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की एक टीम ने शुक्रवार सुबह चांद बाग में आप पार्षद के घर का निरीक्षण किया। एफएसएल टीम ने घर से सबूतों के नमूने और टुकड़े एकत्र किए, आरोपी के छत पर पेट्रोल बम, ईंट और पत्थर पाए गए हैं। हुसैन के खिलाफ दयालपुर पुलिस स्टेशन में हत्या, सबूत नष्ट करने और अपहरण के आरोपों के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

अपनी शिकायत में, अंकित के पिता ने आरोप लगाया है कि हुसैन ने अपने निवास पर गुंडे इकट्ठे किए थे, वे लोग छत से गोलियां चला रहे थे और लोगों पर पेट्रोल बम फेंक रहे थे।

सीएए पर अब मेघालय में उबाल, एक की मौत

■ राजधानी समेत छह जिलों में कर्फ्यू, इंटरनेट बंद

नई दिल्ली, 29 फरवरी (एजेंसी)। नागरिकता संशोधन कानून को लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों में जारी विरोध प्रदर्शन अब देश के उत्तर पूर्वी इलाकों में भी पहुंच गए हैं। दरअसल उत्तर पूर्वी राज्य मेघालय में सीएए के मुद्दे पर खासी छात्र संघ के सदस्यों और गैर-आदिवासियों के बीच झड़प की खबर है। इस झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। दंगों के दौरान पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल सरकार ने दिल्ली में नए कमिश्नर की नियुक्ति कर दी है। एससी श्रीवास्तव दिल्ली पुलिस के नए कमिश्नर होंगे और वह आज अपना कार्यभार संभाल लेंगे।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य के छह जिलों पूर्वी जयंतिया हिल्स, पश्चिम जयंतिया हिल्स, पूर्वी खासी हिल्स, री भोई, पश्चिमी खासी हिल्स और दक्षिण पश्चिम खासी हिल्स में शुक्रवार रात से 48 घंटों के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई। एक आधिकारिक आदेश में बताया गया कि शिलॉन्ग और आसपास के इलाकों में 28 फरवरी को रात दस बजे से 29 फरवरी को सुबह आठ बजे तक कर्फ्यू लगाया गया।

खबर के अनुसार, खासी छात्र संघ के सदस्य सीएए का विरोध कर रहे हैं। वहीं स्थानीय गैर आदिवासी ग्रामीण पूर्वी खासी हिल्स के शेल्ला के इचामती गांव में पूरे राज्य के लिए इनर लाइन परमिट की मांग कर रहे हैं। दोनों गुटों के बीच बातचीत हो रही थी। इसी दौरान किसी बात पर झड़प शुरू हो गई और फिर इसने हिंसा का रूप ले लिया।

जीडीपी ग्रोथ में तीसरी तिमाही में मामूली सुधार

नई दिल्ली, 29 फरवरी (एजेंसी)। सुस्ती से लगातार जूझ रही अर्थव्यवस्था के लिए शुक्रवार को थोड़ी राहत भरी खबर आई है। पिछले छह तिमाहियों में लगातार गिरावट के बाद 31 दिसंबर, 2019 को समाप्त तिमाही में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4.7 फीसद रहा है, शुक्रवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने आंकड़े जारी किए। इससे पहले, दूसरी तिमाही में जीडीपी विकास दर महज 4.5 प्रतिशत रही थी, जो साढ़े छह सालों का निचला स्तर था। इस महीने के शुरू में पेश किए गए वार्षिक बजट में सरकार का अनुमान है कि मार्च में समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में आर्थिक विकास 5 फीसद रहेगा, जो 11 वर्षों में सबसे कम है। जबकि सरकार का लक्ष्य 2020-21 के लिए 6प्रतिशत की वृद्धि का है। नौ महीने की अवधि के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था एक साल पहले की समान अवधि में 6.3 फीसद के मुकाबले 5.1 फीसद रही है। 2019-20 की पहली तिमाही के लिए जीडीपी की वृद्धि दर संशोधित कर 5.6 फीसद और दूसरी तिमाही के लिए 5.1 फीसद हो गई।

फास्ट ट्रैक कोर्ट में चले ट्रायल:कन्हैया

नई दिल्ली, 29 फरवरी (एजेंसी)। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में देश विरोधी नारे लगाए जाने से संबंधित मामले में दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार समेत दस अन्य आरोपितों के खिलाफ देशद्रोह का मामला चलाने के लिए दिल्ली पुलिस को अनुमति दे दी है। यह मामला 13 माह से दिल्ली सरकार के पास लंबित था।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मामले की जांच की थी, लेकिन दिल्ली सरकार ने चार्जशीट दाखिल करने संबंधी फाइल पर अनुमति नहीं दी थी। अनुमति मिलने के बाद कन्हैया पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाएगा।

देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मंजूरी के बाद कन्हैया कुमार ने भी प्रतिक्रिया दी है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि यह मामला राजनीतिक लाभ के लिए बनाया गया था और इसमें देरी हुई। मैं एक फास्ट-ट्रैक कोर्ट में ट्रायल चाहता हूं ताकि पूरे देश को पता चले कि कैसे राजद्रोह जैसे कानून का दुरुपयोग हो रहा है। कन्हैया कुमार ने कहा कि जब पहली बार चार्जशीट दाखिल की गई थी जब मैं चुनाव लड़ने वाला था और अब बिहार में फिर से चुनाव होने वाले हैं।

9 फरवरी 2016 को जेएनयू में देश विरोधी नारे लगाने के वीडियो सामने आए थे, इसके बाद मामले की जांच की गई। फिर कन्हैया कुमार व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जेएनयू के इस मामले में कन्हैया कुमार, उमर खालिद, अनिर्बान, आकिब हुसैन, मुजीब, उमर गुल, बशरत अली व खालिद बसीर सहित 10 लोगों के खिलाफ अदालत में 14 जनवरी 2019 को आरोपपत्र दाखिल किया था। मगर दिल्ली सरकार ने इस मामले में देश द्रोह के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति नहीं दी थी।

24 घंटे में चौथी बार भूकंप के झटकों से हिली हिमाचल की धरती

चंबा,29 फरवरी (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश की धरती 24 घंटों के भीतर चौथी बार भूकंप के झटकों से हिल उठी है। शनिवार सुबह फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र चंबा में रहा, लेकिन इसके झटके कांगड़ा, लाहुल-स्पीति व अन्य आसपास के जिलों में भी महसूस किए गए। लगातार लग रहे भूकंप के झटकों ने लोगों को डरा दिया है।

चंबा में शुक्रवार को भूकंप के लगातार तीन झटके महसूस किए गए। 24 घंटे के भीतर यह चौथा झटका था। शनिवार सुबह 4.41 बजे महसूस हुए झटकों की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.2 मापी गई है।

भड़काऊ वीडियो भेजने पर होगी कार्रवाई

■ जल्द जारी होगा व्हाट्सएप नंबर

नई दिल्ली,29 फरवरी (एजेंसी)। नॉर्थ ईस्ट हिंसा के दौरान हुई अलग-अलग जगह की घटनाओं के वीडियो लोगों के पास व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के जरिए आ रहे हैं। इतना ही नहीं, कई ऐसे फर्जी वीडियो भी हैं, जो हिंसा से जुड़े भी नहीं। हिंसा के वीडियो लोग व्हाट्सऐप और सोशल मीडिया के जरिए भेज रहे हैं। इस पर दिल्ली सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए जल्द ही एक व्हाट्सएप्प नंबर जारी करेगी जिसपर लोग घृणा फैलाने वाले या भड़काऊ वीडियो जो व्हाट्सएप पर भेजे जा रहे हैं उसकी शिकायत की जा सकेगी। एक अधिकारी व्हाट्सएप नंबर पर भेजी गई इन शिकायतों की निगरानी करेगा और जरूरत पड़ने पर शिकायत दिल्ली पुलिस को भेजी जाएगी। दिल्ली सरकार लोगों से अपील करेगी कि ऐसे संदेश ना भेजें जिससे समाज में नफरत या घृणा बढ़े। बता दें कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हिंसा में अब तक 42 लोगों की मौत हुई है। अब सवाल ये भी उठ रहा है कि दिल्ली में इतने बड़े पैमाने पर जो हिंसा हुई उसकी वजह क्या थी, वो लोग कौन थे जिन्होंने दिल्ली को लहुलुहान किया। इन सवालों पर एक तरफ उत्तर पूर्वी दिल्ली के स्थानीय लोग बताते हैं कि हथियारबंद भीड़ बाहर से आई थी तो दूसरी तरफ क्राइम ब्रांच के 90 अफसरों की एसआईटी इसकी जांच कर रही है जिसको इसके पीछे स्थानीय अपराधियों की भूमिका लगती है और जिनकी धरपकड़ जारी है।

कांग्रेसी और महिला अधिकारी के बीच तीखी बहस

शहडोल,29 फरवरी (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के शहडोल जिले से कांग्रेस नेताओं और महिला अधिकारी के बीच तीखी बहस का एक विडियो सामने आया है।

शहडोल में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई को लेकर खनन मंत्री प्रदीप जायसवाल के सामने ही अधिकारी और कांग्रेस नेता आमने-सामने आ गए। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने खनन अधिकारी फरहत जहां पर अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप लगाया तो वहीं खनन अधिकारी ने भी नेताओं को जमकर खरी-खोटी सुनाई।

3 मार्च को ही होगी फांसी, सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका से डेथ वारंट पर असर नही

नई दिल्ली,29 फरवरी (एजेंसी)। निर्भया मामले में आगामी 3 मार्च को होने वाली फांसी के मद्देनजर दिल्ली की तिहाड़ जेल में तैयारी तेज कर दी गई है। एक-दो दिनों फांसी का फाइनल ट्रायल देने के लिए यूपी के मेरठ से जल्लाद पवन भी पहुंच जाएगा।

वहीं, केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अलग से एक याचिका दाखिल करके सभी दोषियों को एक साथ फांसी देने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दे रखी है। सरकार का कहना है कि जिन दोषियों के सभी कानूनी विकल्प समाप्त हो चुके हैं उनकी सजा पर अमल की इजाजत दी जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया था कि इस याचिका के लंबित रहने का निचली अदालत से दोषियों के खिलाफ डेथ वारंट जारी होने पर कोई असर नहीं पड़ेगा। केंद्र सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने पांच मार्च तक के लिए सुनवाई टाल दी थी।

वहीं, हालात को देखते हुए तिहाड़ जेल प्रशासन ने जेल संख्या-3 में चारों दोषियों को अलग-अलग सेल में रखा है, जिससे फांसी की तैयारियों का पता नहीं चल सके।

प्रयागराज में होता है ऊर्जा का संचार:पीएम मोदी

■ 296.07 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास किया

प्रयागराज,29 फरवरी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह वायुसेना के विशेष विमान से दिल्ली से उड़ान भरी। वह 10.30 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर पहुंचे। पीएम मोदी पहुंचे प्रयागराज, सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। एयरपोर्ट पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी हेलीकॉप्टर से परेड मैदान पहुंचे। पीएम मोदी प्रयागराज में खास 300 दिव्यांगों और वृद्धजनों के बीच है। एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी परेड मैदान में हेलिकॉप्टर के बेड़े के साथ पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के साथ अन्य सभी का स्वागत करने के साथ कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रयागराज में कुंभ का सफल आयोजन करने के बाद हम लोग लगातार प्रगति के पथ पर हैं। वह आज दिव्यांजनों के बीच पधारे हैं, उनके कारण ही इनको समाज की मुख्यधारा में आने का अवसर मिला है। प्रदेश में साढ़े दस लाख से अधिक दिव्यांगजन को पेंशन की राशि में इजाफा किया गया है। अब इनको मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की जा रही है। प्रयागराज में दिव्यांगजनों का यह महाकुंभ विश्व में बड़ा संदेश देगा। शिविर में पीएम मोदी के संबोधन से पहले सामाजिक अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलौत ने सभी का स्वागत किया।